सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध

पत्रांक: एडी0कमि0 (लेखा कैम्प)/सामान्य/ 81 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(एडी0कमि0-लेखा कैम्प)
लखनऊ: दिनांक 22 दिसम्बर,2021

आहरण वितरण अधिकारी, वाणिज्य कर,
मुरादाबाद/सहारनपुर/हाथरस।

अवगत कराना है कि श्री सुरेन्द्रपाल सिंह, सेवा निवृत्त डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, खण्ड-1, सीतापुर **(सेवा निवृत्ति दि0 31.03.2016)**, की दिनांक 01.10.2006 से 31.10.2009 तक की अवधि के वेतन भुगतान न होने के कारण उन्हे सेवानिवृत्तिक संबंधी अन्य देयक यथा-ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश का नकदीकरण, सामान्य भविष्य निधि से 90 प्रतिशत का व सामूहिक बीमा देयकों के भुगतान के संबध में अभी कार्यवाही लम्बित है। उक्त के निराकरण हेतु कमिश्नर महोदया ने कार्यालय ज्ञाप दिनांक 15.12.2021 द्वारा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।

सन्दर्भित अवधि में श्री सिंह की तैनाती निम्नानुसार रही है:-

कार्यालय का नाम	पदनाम	तैनाती की अवधि (कब से)	तैनाती की अवधि (कब तक)	जोन का नाम
असि0कमि0 (सचल दल इकाई)-2 मुरादाबाद	CTO	06.02.2006	30.06.2008	मुरादाबाद
ए0सी0 (चेक पोस्ट) सहारनपुर (सरसवा), सहारनपुर	CTO	30.06.2008	12.02.2009	सहारनपुर
ए0सी0 (चेक पोस्ट) सहारनपुर (सरसवा), सहारनपुर	AC	12.02.2009	02.03.2009	सहारनपुर
ए0सी0 सेक्टर-3, महामायानगर, हाथरस	AC	02.03.2009	31.07.2012	अलीगढ़

उल्लेखनीय है कि श्री सिंह द्वारा दिनांक 07.04.2021 को **आत्मदाह किये जाने की धमकी दी गयी है, जिस कारण प्रकरण अत्यन्त गंभीर हो चुका है।** श्री सिंह की दिनांक 01.10.2006 से 31.10.2009 तक की अवधि का वेतन भुगतान नहीं होने के सम्बन्ध में कृपया उपरोक्त तैनाती अवधि से सम्बंधित **निम्नलिखित बिन्दुओं पर साक्ष्यों सहित स्पष्ट आख्या/ अभिलेख अपेक्षित है:-**

1. श्री सिंह का वेतन किन परिस्थिति में आहरित नहीं किया गया था?
2. पूर्व कार्यालय से श्री सिंह के स्थानान्तरण उपरान्त नवीन तैनाती के कार्यालय के कार्यभार ग्रहण किये जाने के बाद पूर्व कार्यालय से अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र (LPC) प्राप्त हुआ था अथवा नहीं?
3. तैनाती कार्यालय से वेतन आहरित किये जाने हेतु श्री सिंह की उपस्थिति विवरण सम्बंधित आहरण वितरण अधिकारी को प्राप्त कराया गया है अथवा नहीं?
4. सम्बंधित अवधि में आपके स्तर से श्री सिंह को फार्म-16 जारी किया गया था या नहीं? यदि जारी किया गया है, तो किस आधार पर, यदि नहीं जारी किया तो किन परिस्थतियों में? उक्त अतिरिक्त सन्दर्भित अवधि में की गयी आयकर कटौती सम्बंधी विवरण भी उपलब्ध करायें।
5. श्री सिंह की उपरोक्त तैनाती अवधि से सम्बंधित वेतन बिल भुगतान सम्बंधी अभिलेखों की छायाप्रतियां।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या/अभिलेख पत्र प्रत्येक दशा में प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रकरण में यथाशीघ्र निर्णय लिया जा सके। उक्त सूचना ईमेल hqbudget@gmail.com पर भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(शैलेश गिरि)
एडीशनल कमिश्नर (लेखा),
वाणिज्य कर, उ0प्र0।